आपूर्ति का कोई कोटा आवंटित किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1990-91 और 1991-92 में इस कोटे के अंतर्गत कितने अपंग व्यक्तियों को दूध की आपूर्ति की गई ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका) : (क) जी, नहीं ।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता ।

Technology Mission on Oil Seeds and Pulses

882. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) what are the details of the Technology Mission on oil-seeds and pulses;

(b) what are the details of targets set for the whole country and the achievements made during last three years;

(c) what has been the performance of Madhya Pradesh in this regard; and

(d) what are the details of the strategy adopted during the Eighth Five Year Plan to increase production of oilseeds and pulses in the country, with reference to Madhya Pradesh?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI MULLAPPALLY RAMACHANDRAN): (a) Technology Mission on Oilseeds and Pulses aims to harness the production, processing and management technologies to accelerate self-reliance in oilseeds and pulses by covering crop production, post-harvest technology, farmers services/inputs and market intervention price support.

(b) The targets set for the production of 9 major oilseeds and achievements during the last 3 years in the country are as under:—

Year	Target (lakh tonne)	Achievement (lakh tonne)
1989-90	165	169·24
1990-91	180	184·64
1991 92	185	183·4 (Provisional)

(c) The targets set and achievements during the last three years in Madhya Pradesh are as under:—

Year	Target (lakh tonne)	Achievement (lakh tonne)
1988-89	17·2	23·48
1989-90	17·5	23·64
1990-91	25·0	29·84

(d) The proposed overall strategy for 8th Plan for the development of oilseeds and pulses in the country is to continue the existing efforts, to promote new crops such as red oil palm in identified areas, and promotion of oilseeds in non-traditional areas.

रामतिल का समर्थन मूल्य

883. **श्री लखीराम अग्रवाल** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने देश में उगाई जा रही कौन-कौन सी प्रमुख फसलों के लिए समर्थन मूल्य की घोषणा नहीं की है ;

(ख) क्या सरकार मध्य प्रदेश के आदिवासी किसानों द्वारा लगभग 2.25 लाख हैक्टेयर भूमि में उगाए जा रहे रामतिल का समर्थन मूल्य घोषित करने के प्रस्ताव पर विचार करेगी ; और

(ग) यदि हां, तो कब तक ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) इस समय सरकार हर वर्ष 22 प्रमुख कृषि जिंसों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करती है ।